# दैनिक जागरण

नई दिल्ली, शुक्रवार
8 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

ओम नमः शिवाय



किसान बच्चों को बना रहे ढाल, क्या जंग करना चाहते हैं: पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट 1

विस्फोटकों की खोज के लिए दो स्वदेशी डिटेक्टर तैयार 19







********

AARTHI SCANS & LABS

# Women's Day Offer

Health Checks designed specially for INDIAN WOMEN

8th March 2024

60% कम

Valid Up to 10th March 2024



## Women's Health Checkup

~~₹3750~~ ₹1499

- Vitamin D Total 25 (OH) - Bone Strength Screening
- Iron Profile - Anemia Screening
- Vitamin B 12 - Nerve Function
- Thyroid Function Test
- Diabetic Test - Sugar (F)
- Lipid Profile
- Kidney Function Tests (KFT)
- Liver Function Test (LFT)
- Infection Screen - ESR
- Complete Blood Count (CBC)

*FREE Home Collection Available

Scan to Book

## Women's Health Checkup Pro

With Cancer Screening

~~₹6250~~ ₹2499

- Cancer Antigen 125(CA 125) - Screening For ovarian cancer
- Pap Smear (Liquid Based Cytology) -Screening For Cervical Cancer
- Vitamin D Total 25 (OH)
- Iron Profile-Anemia
- Vitamin B 12
- Thyroid Function Test
- Diabetic Test - Sugar (F)
- Lipid Profile
- Kidney Function Tests (KFT)
- Liver Function Tests (LFT)
- Infection Screen - ESR
- Complete Blood Count (CBC)

Scan to Book

*Amount upto Rs.5000/- eligible for claim as deduction u/s 80 D of income tax act*

36 साल का भरोसा

12 राज्य & 250 शाखाएं

एक परिवार के 7 चिकित्सकों द्वारा संचालित

ईमानदार & पारदर्शी प्रभार

## किफायती रक्त परीक्षण और स्कैन की कीमतें - पूरे वर्ष

**MRI स्कैन**

बाजार कीमत : ~~₹7500~~

Starting from

₹2750

MRI Brain/Each Spine

**CT स्कैन**

बाजार कीमत : ~~₹3500~~

Starting from

₹1200

CT Brain/PNS

**खून की जांच** यहां तक 50% कम



घरेलू रक्त संग्रह उपलब्ध

76394 76394

aarthiscan.com

हमारी शाखाएँ

जनकपुरी | गुरुग्राम | कड़कड़डूमा | पूसा रोड

नई दिल्ली | मुंबई | चेन्नई | बेंगलुरु | हैदराबाद | कोलकाता | विजाग | गुड़गांव | पुणे | अहमदाबाद | तिरुवनंतपुरम | पॉन्डिचेरी

********

नई दिल्ली, शुक्रवार
8 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

कामकाजी महिलाओं ने जीवन बीमा खरीदने में पुरुषों को पछाड़ा 14

# डीए बढ़ा, ग्रेच्युटी सीमा हुई 25 लाख

## महंगाई भत्ते में 4% की वृद्धि, 49.18 लाख केंद्रीय कर्मियों व 67.95 लाख पेंशनभोगियों को लाभ

**एक जनवरी से ही प्रभावी**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव और होली से पहले सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए), आवासीय भत्ते और ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी कर दी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला किया। यह फैसला इस वर्ष एक जनवरी से मान्य होगा। कैबिनेट ने 10 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को सब्सिडी पर रसोई गैस सिलेंडर देने की पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि भी एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है।

महंगाई भत्ते में वृद्धि से 49.18 लाख केंद्रीय कर्मियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। इस वृद्ध से महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाएगा और कर्मियों को मिलने वाले आवासीय भत्ते और ग्रेच्युटी में भी बढ़ोतरी हो जाएगी। विभिन्न वर्गों को उनके वेतन के मुताबिक इसका लाभ मिलेगा।

फैसलों की जानकारी देते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि केंद्रीय कर्मियों की ग्रेच्युटी सीमा अब 20 लाख से बढ़कर 25 लाख हो जाएगी। अभी ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख है। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते में सिर्फ चार प्रतिशत बढ़ोतरी से सरकार पर सालाना 12,868.72 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा, लेकिन अन्य प्रकार के भत्तों में होने वाली बढ़ोतरी से इस वर्ष जनवरी से अगले वर्ष फरवरी के बीच केंद्रीय कर्मियों को 9,400 करोड़ रुपये का लाभ अलग से मिलेगा।


गोयल ने बताया कि उज्ज्वला योजना अब 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। अगले एक वर्ष के दौरान योजना के तहत आने वाले परिवारों को 12 एलपीजी सिलेंडर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी के साथ मिलेंगे। वर्ष 2016 में लागू पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि मार्च, 2024 में समाप्त हो रही थी। इसे एक वर्ष बढ़ाने के लिए सरकार 12,000 करोड़ रुपये का प्रविधान करेगी। योजना के तहत अभी 10.27 करोड़ लाभार्थी हैं। इन सभी को अब 603 रुपये में 14.2 किलो का गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। इस योजना के तहत जितने आवेदन आए, उन सभी को कनेक्शन दिया जा चुका है।

**2014-15 में 2,400 रुपये था कच्चे जूट का एमएसपी :** केंद्रीय कैबिनेट ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में प्रति क्विंटल 285 रुपये की वृद्धि कर दी है। अब इसका एमएसपी 5,335 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है, जो उत्पादन लागत से 64.8 प्रतिशत अधिक है। पिछले 10 वर्षों में यह 122 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष 2014-15 में कच्चे जूट का एमएसपी 2,400 रुपये प्रति क्विंटल था। इस फैसले से लगभग 40 लाख जूट किसानों को फायदा होगा।

**पूर्वोत्तर के औद्योगिक विकास के लिए 10,037 करोड़:** पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10,037 करोड़ रुपये की नई औद्योगिक विकास योजना 'उन्नति' (उत्तर पूर्व ट्रांसफारमेटिव इंडस्ट्रिलाइजेशन) को भी मंजूरी दे दी गई है। योजना के तहत नई इकाइयां स्थापित करने या मौजूदा इकाइयों का उल्लेखनीय विस्तार करने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह योजना अधिसूचना की तिथि से 31 मार्च, 2034 तक प्रभावी रहेगी। योजना के सभी घटकों से एक इकाई को अधिकतम 250 करोड़ का पात्रता लाभ मिल सकेगा।

**गोवा विस में एसटी आरक्षण विधेयक को स्वीकृति:** गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। पीयूष गोयल ने बताया कि गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं थी।

- **सब्सिडी के साथ एक वर्ष और मिलता रहेगा उज्ज्वला सिलेंडर**
- **कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 285 रुपये क्विंटल की वृद्धि**



कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ● प्रेट्र

### 10,372 करोड़ के इंडिया एआइ मिशन को भी स्वीकृति

देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कैबिनेट ने पांच वर्षों में 10,372 करोड़ के व्यय से इंडिया एआइ मिशन को भी मंजूरी दी है। इस धनराशि का इस्तेमाल पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में एआइ ईकोसिस्टम बनाने में किया जाएगा। गोयल ने बताया कि एआइ ईकोसिस्टम बनाने के लिए विभिन्न पक्षकारों को 10 हजार जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स) से अधिक की सुपरकंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध कराई जाएगी। इंडिया एआइ मिशन के तहत स्थापित एआइ सुपरकंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक स्टार्टअप्स, अकादमियों, शोधकर्ताओं व उद्योगों की पहुंच होगी। मिशन के तहत एक इंडिया एआइ इनोवेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। एक नेशनल डाटा मैनेजमेंट आफिस भी स्थापित होगा, जो सरकारी विभागों, मंत्रालयों के बीच समन्वय करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'तकनीक एवं नवाचार के लिए एक ऐतिहासिक दिन। इंडिया एआइ मिशन को कैबिनेट की मंजूरी एआइ स्टार्टअप्स को सशक्त बनाएगी और कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर की पहुंच का विस्तार करेगी जो एआइ इनोवेशन में वैश्विक नेता बनने की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग होगी।'

### पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाएगा भारत

**नई दिल्ली, एएनआइ :** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ अत्याधुनिक मध्यम युद्धक विमानों (एएमसीए) के डिजायन एवं विकास की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। समिति ने आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से 34 ध्रुव हेलीकाप्टरों की खरीद को भी मंजूरी दी है, जिनमें से 25 थलसेना को और नौ भारतीय तटरक्षक बल को मिलेंगे। इनका निर्माण एचएएल में किया जाएगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि 15 हजार करोड़ रुपये की एएमसीए परियोजना के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की वैमानिकी विकास एजेंसी विभिन्न निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों के साथ साझेदारी करके स्टेल्थ (जो रडार की पकड़ में न आएं) युद्धक विमान एवं उसकी तकनीक का विकास करेगी। लगभग पांच वर्षों में लगभग पांच प्रोटोटाइप का निर्माण किया जाएगा। इनका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) समेत उद्योग जगत करेगा। रक्षा मंत्रालय की योजना के मुताबिक, पांचवीं पीढ़ी की विमान परियोजना से लाखों नौकरियां सृजित होंगी और भारतीय वायुसेना के आर्डर से भारतीय कंपनियों के लिए लाखों करोड़ का कारोबार सृजित होगा।




********

# शादी से एक दिन पहले जिम ट्रेनर की हत्या

## चेहरे और सीने पर किए 15 वार, मृतक के पिता व भाई से पुलिस कर रही है पूछताछ

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** देवली एक्सटेंशन स्थित राजू पार्क के पास बुधवार देर रात एक जिम ट्रेनर गौरव सिंघल की कैंची व चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। अगले दिन बृहस्पतिवार को गौरव की शादी होनी थी। आरोपितों ने युवक के चेहरे और सीने पर करीब 15 वार किए। सूत्रों के अनुसार मृतक के पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही गौरव के भाई से भी पुलिस पूछताछ में जुटी है। मामले पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा इलाके के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। एक फुटेज में संदिग्ध नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और गौरव के पिता व भाई से पूछताछ के आधार पर पुलिस अन्य आरोपितों की पहचान में जुटी हुई है।

दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि बुधवार की रात 12:30 बजे हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस सूचना मिलने के बाद देवली एक्सटेंशन स्थित राजू पार्क के पास पहुंची। यहां एक मकान में 29 वर्षीय गौरव सिंघल का शव पड़ा था। स्वजन से पूछताछ की तो बताया कि रात दस बजे कुछ युवक गौरव को घर से बुलाकर उनके दूसरे मकान में ले गए थे। उसके बाद युवकों ने गौरव की कैंची व चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी और फरार हो गए। जब गौरव काफी देर तक घर नहीं आए, तो दूसरे मकान में जाकर देखा। खून से लथपथ गौरव को स्वजन अस्पताल ले गए, यहां उसे मृत घोषित कर दिया।



गौरव सिंघल ● सौ. स्वजन

- दक्षिणी जिला पुलिस संदिग्धों की पहचान में जुटी, घर में खून से लथपथ पड़ा मिला था युवक
- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही पुलिस, एक फुटेज में संदिग्ध आ रहे हैं नजर

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

गौरव सिंघल की हत्या के बाद घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। उनकी बृहस्पतिवार 7 मार्च को दिल्ली के ककरौला गांव में बरात जानी थी और इसकी स्वजन तैयारी कर रहे थे। बुधवार की रात शादी की खुशी में घर में संगीत भी बज रहा था। युवक की हत्या के बाद देवली व ककरौला गांव में कोहराम मच गया।

### ढोल की आवाज में दबी चीख

परिवार के एक अन्य सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने कहा पूरे परिवार को पता नहीं है कि गौरव की किसने हत्या की। उन्होंने कहा कि हमने कोई चीख नहीं सुनी, चूंकि घर के पास में ही ढोल बज रहा था। ढोल की आवाज में किसी भी तरह की आवाज उन्हें नहीं सुनाई दी।

### गौरव व पिता के बीच रहता था विवाद

अभी तक की जांच में सामने आया है कि गौरव व उसके पिता के बीच विवाद रहता था। इसको लेकर आए दिन उनके बीच झगड़ा होने की बात सामने आई है। पुलिस इस एंगल पर भी मामले की जांच कर रही है।

### घर के पास ही जिम चलाते थे गौरव

गौरव सिंघल घर के पास ही जिम चलाते थे। वह चार साल से अधिक समय से जिम का संचालन कर रहे थे। गौरव के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है, जो पढ़ाई कर रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान में दबिश दे रही पुलिस

पुलिस को वारदात में शामिल कुछ संदिग्धों के बारे में भी पता चला है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक आरोपित वारदात के बाद जयपुर पहुंच गया है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम जयपुर पहुंच गई है और वहां छापेमारी कर रही है। इसके अलावा दिल्ली में भी अलग अलग जगह छापेमारी की जा रही है।

### रात को गौरव की हत्या का फोन आया था

गौरव के चाचा जवार ने बताया कि देर रात मेरे भतीजे की हत्या के बारे में फोन आया। मैं तुरंत घर आया। जब मैं यहां पहुंचा, तो गौरव का परिवार उसे अस्पताल ले गया था। हमें परिवार की ओर से किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं है।

# अशिष्ट व्यवहार के कारण महिला यात्री को विमान से उतारा

**लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान में क्रू सदस्यों के साथ महिला यात्री का व्यवहार नहीं था सही, बाद में दूसरे विमान से भेजा गया लंदन**


**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** लंदन के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बैठी महिला यात्री को क्रू सदस्यों के साथ अशिष्ट व्यवहार करना महंगा पड़ गया। महिला यात्री को न सिर्फ विमान से उतार दिया गया, बल्कि उनसे लिखित में अच्छे व्यवहार का आश्वासन भी लिया गया। बाद में दूसरी उड़ान से उसे लंदन भेजा गया। एअर इंडिया का इस पूरे प्रकरण पर कहना है कि विमान में सवार यात्रियों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। एअर इंडिया ने आरोपित महिला यात्री का नाम नहीं बताया, वहीं समाचार एजेंसी प्रेट्र के अनुसार आरोपित महिला रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा हैं। एजेंसी का कहना है कि इस संबंध में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज से उनका पक्ष मांगा गया, लेकिन नहीं मिला।

मामला पांच मार्च का है। आइजीआइ एयरपोर्ट पर लंदन जाने के लिए एअर इंडिया का विमान-एआइ 161 टर्मिनल 3 के पार्किंग बे पर खड़ा था। उड़ान की तैयारी चल रही थी। तभी पायलट के क्रू सदस्यों ने बताया कि बिजनेस क्लास में सवार महिला यात्री का व्यवहार अशिष्ट है। उन्हें समझाने की कोशिश की गई, लेकिन उनके व्यवहार में सुधार नहीं हो रहा है। कुछ यात्रियों ने भी महिला यात्री के व्यवहार को सही नहीं माना। उड़ान के दौरान कोई दिक्कत न हो, इसे देखते हुए पायलट ने यात्री को विमान से उतारने का फैसला लिया। इसके एक घंटे बाद विमान ने लंदन के लिए उड़ान भरी। विमान से महिला यात्री ने उतरने के बाद लंदन में अत्यंत जरूरी कार्य होने की बात कही। इसके बाद एअर इंडिया के दूसरे विमान से उन्हें लंदन भेजा गया, लेकिन इसके पूर्व उनसे लिखित में अच्छे व्यवहार करने का आश्वासन लिया गया।

# आइजीआइ एयरपोर्ट पर महिलाओं ने संभाली कामकाज की पूरी शिफ्ट

**जासं, नई दिल्ली:** आइजीआइ एयरपोर्ट के संचालन से जुड़ी एजेंसी डायल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को अनोखे तरीके से मनाते हुए अपने कामकाज की पूरी शिफ्ट महिलाओं को सौंपी। डायल ने एयरपोर्ट के हर कामकाज की जिम्मेदारी महिलाओं को पूरे आठ घंटे के लिए सौंपी। डायल की इस पहल की सभी ने सराहना की। महिलाओं की ओर से संचालित इस पूरी शिफ्ट को पिंक शिफ्ट का नाम दिया गया।

डायल के अनुसार यह पहल विमानन उद्योग में महिलाओं की बढ़ रही भूमिका को दर्शाने वाला कदम है। इससे महिलाओं में निहित विशिष्ट कौशल और कार्य के प्रति उनके दृष्टिकोण को पहचानने में मदद मिलेगी, साथ ही इससे विमानन क्षेत्र में विविधता से भरे नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाना है, बल्कि इसे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आइजीआइ एयरपोर्ट पर कामकाज की एक पूरी शिफ्ट महिला कर्मियों ने संभाली ● सौ- डायल

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बकाया 15 माह में चुकाएगा नगर निगम

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** एमसीडी को भंग कर देने की दिल्ली हाईकोर्ट की चेतावनी के बाद निगम प्रशासन हरकत में आ गया है। निगम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) के तहत मिलने वाला बकाया चुकाने के लिए हर माह 15 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया है। हालांकि इस धनराशि से भी निगम की मुश्किलें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं क्योंकि हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के कुल बकाया भुगतान न करने पर सवाल खड़े किए थे। अकाउंट डिपार्टमेंट ने छह मार्च को आदेश जारी कर कहा है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सातवें वेतन आयोग के तहत बकाया भुगतान के लिए 15 करोड़ रुपये हर माह जारी किए जाएंगे। इसके बाद वरीयता सूची के आधार पर यह राशि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जारी की जाएगी। इससे उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत मिलेगी जो निगम कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे लेकिन निगम केवल सुविधा अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सातवें वेतन आयोग का एरियर जारी कर रहा था। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी एक तो पेंशन देरी से आने से परेशान थे, दूसरे एरियर न मिलने से भी वे कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे।

### 230 करोड़ रुपये हैं बकाया

एमसीडी ने हर महीने 15 करोड़ रुपये सातवें वेतन आयोग का बकाया जारी करने का निर्णय लिया है। निगम सूत्रों के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के तहत 230 करोड़ रुपये का बकाया है। ऐसे में 15 करोड़ रुपये प्रति माह भी जारी होंगे तो 15 माह से ज्यादा का समय लग जाएगा। जबकि इन कर्मचारियों को पहले ही देरी से यह बकाया मिल रहा है। जो बकाया नौकरी के दौरान ही मिल जाना चाहिए था वह सेवानिवृत्त होने के बाद भी नहीं मिल रहा है।

### करोड़ों रुपया बकाया है ग्रेच्युटी और कमुटेशन

दिल्ली नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सतावें वेतन आयोग के तहत 230 करोड़ का बकाया है जबकि ग्रेच्युटी और कमुटेशन की 1553 करोड़ की राशि बकाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वकालिक उत्तरी निगम के कर्मचारियों को 2018 तक की ग्रेच्युटी मिल गई है जबकि कमुटेशन सितंबर 2021 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का बकाया है। दक्षिणी निगम का यह बकाया मई 2022 का है जबकि पूर्वी निगम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का 2021 के बाद तक का बकाया है।

# गौर सिटी के दो फ्लैट में लगी आग, लाखों का सामान राख



« गौर सिटी 16 एवेन्यू के फ्लैट में लगी आग ● वीडियो ग्रैब

### अग्निशमन उपकरणों ने नहीं किया काम

सोसायटी के लोगों का आरोप है कि सोसायटी अग्निशमन उपकरणों से लैस है, लेकिन फ्लैट में लगे स्प्रिंकलर सिस्टम में काम ही नहीं किया और न ही अलार्म सिस्टम ही बजा।

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौर सिटी सोसायटी के 16 एवेन्यू में बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे एक बंद फ्लैट में आग लग गई। दमकल कर्मियों की दो गाड़ियों के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक फ्लैट में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

सोसायटी के सी-2019 टावर में राहुल पंडित अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह मूलरूप से जम्मू कश्मीर के हैं। सोसायटी के लोगों ने बताया कि राहुल अपने परिवार के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाने के लिए बुधवार शाम छह बजे फ्लैट का ताला लगाकर जम्मू कश्मीर गए हैं। बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे के करीब उनके बंद फ्लैट से अचानक आग लग गई। फ्लैट पर बाहर से ताला लगा होने की वजह से आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

मेंटिनेंस कर्मियों ने फ्लैट का दरवाजा व बालकनी के शीशे तोड़कर फ्लैट में प्रवेश कर हाइड्रेड सिस्टम की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

# 'पते या निवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता राशन कार्ड'

- निवासियों को झुग्गी की जगह घर देने के लिए अन्य दस्तावेज पर विचार करे डीडीए: कोर्ट
- कठपुतली कालोनी में रहने वालों की वैकल्पिक आवास इकाई की मांग वाली याचिका पर की टिप्पणी




**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** झुग्गियों के बदले वैकल्पिक आवास इकाई की मांग करने वाली याचिकाओं पर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड को विशेष रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दुकानों से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने के लिए जारी किया जाता है और इसे पते या निवास के प्रमाण के रूप में नहीं माना जा सकता है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की पीठ ने कहा कि राशन कार्ड जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र स्थापित नहीं किया गया है कि धारक उसमें दर्ज पते पर रह रहा है।

अदालत ने कहा कि राशन कार्ड का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस देश के नागरिकों को उचित मूल्य पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए और इसका दायरा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्य पदार्थों के वितरण तक ही सीमित है। अदालत ने यह टिप्पणी कठपुतली कालोनी में रहने वाले विभिन्न झुग्गी निवासियों द्वारा अपनी झुग्गियों के बदले वैकल्पिक आवास इकाई की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की।

वर्ष 2010 में डीडीए ने एक सर्वेक्षण किया और उसके अधिकारियों को दस्तावेज सौंपे गए जिसके बाद उसने सार्वजनिक निजी भागीदारी के आधार पर कठपुतली कालोनी का पुनः विकास शुरू किया। कालोनीवासियों के पुनर्वास के लिए वर्ष 2014 में एक नीति बनाई गई। याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर पुनर्वास के दावों को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उनकी झुग्गियां मौजूद नहीं थीं और उनके नाम अयोग्य झुग्गीवासियों की सूची में शामिल किए गए थे।

एक याचिकाकर्ता का दावा इस आधार पर खारिज किया गया था कि वह अलग राशन कार्ड प्रस्तुत करने में विफल रहा था, जो नीति के अनुसार वैकल्पिक आवंटन करने के लिए अनिवार्य था। वहीं, याचिकाकर्ताओं का मामला था कि उन्होंने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था, लेकिन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। झुग्गीवासियों को राहत देते हुए अदालत ने कहा कि डीडीए ने पते के प्रमाण के रूप में राशन कार्ड पर गलत तरीके से भरोसा किया है।

अदालत ने कहा कि केवल राशन कार्ड जारी न करना याचिकाकर्ताओं को वैकल्पिक आवंटन से इन्कार करने का आधार नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि डीडीए को इस मुद्दे पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए था और कठपुतली कालोनी के गरीब निवासियों के सामने आने वाली समस्याओं को कम करने के लिए कदम उठाना चाहिए था। अदालत ने यह भी कहा कि अलग राशन कार्ड की अनिवार्यता मनमानी है क्योंकि इसे राजपत्र अधिसूचना के निर्देशानुसार पते के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

अदालत ने डीडीए दिल्ली स्लम और जेजे पुनर्वास और स्थानांतरण नीति-2015 में सूचीबद्ध कट-आफ तिथि यानी एक जनवरी 2015 से पहले जारी किए गए अन्य दस्तावेज (पासपोर्ट, बिजली बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र आदि) पर विचार करने को कहा।

********

नई दिल्ली, शुक्रवार
8 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पांच वर्ष तक चीन से तेज रहेगी भारत की वृद्धि दर 14
अगले 10 साल तो मोदी ही रहेंगे: शाह 17






## संपादकीय

**राजवंश सरीखी राजनीति:** भारतीय राजनीति में नए नेतृत्व का प्रजा के बीच से न उभरना और नेताओं द्वारा अपने परिवार को थोपने का रुझान चिंताजनक है। **गिरीश्वर मिश्र** का दृष्टिकोण।

**समान संहिता के केंद्र में आएं महिलाएं:** समान नागरिक संहिता के निर्माण में लैंगिक समानता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। **नाइश हसन** का आलेख।

● पेज 12

## जागरण विशेष

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च)

### कुसुमलता के समर्पण से महका शिक्षा का मंदिर



**गोपेश्वर:** चमोली का एक सरकारी स्कूल कभी बंद होने को था। मगर शिक्षिका कुसुमलता की मेहनत से छात्रों की संख्या तो बढ़ी ही, शिक्षा में भी गुणात्मक सुधार आया है।

● पेज 14

# किसान बच्चों को बना रहे ढाल, क्या जंग करना चाहते हैं: कोर्ट

## कहा-इन्हें भेज देना चाहिए चेन्नई जेल, वकीलों को भी फटकार

**राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा से सटे पंजाब के शंभू और खनौरी बार्डर पर चल रहे किसानों के प्रदर्शन पर कड़ी टिप्पणियां की हैं। कोर्ट ने कहा, कैसे माता-पिता हैं कि छोटे-छोटे बच्चों को ढाल बना रहे हैं। बड़े शर्म की बात है कि बच्चों की आड़ में हथियारों के साथ प्रदर्शन किया जा रहा है और इसे शांतिपूर्ण बताया जा रहा है। पूछा कि किसान क्या कोई जंग करना चाहते हैं। यह पंजाब की सभ्यता नहीं है। ऐसे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर चेन्नई की जेल में भेजना चाहिए। हाई कोर्ट ने किसानों के इस तरह के प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बताने वाले वकीलों को भी फटकार लगाई। कहा कि उन्हें कोर्ट में खड़े होने का अधिकार नहीं है।

किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल और अन्य की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को हाई कोर्ट ने सुनवाई की। हरियाणा व पंजाब सरकारों ने हलफनामा दाखिल किया। हरियाणा की ओर से प्रस्तुत कई फोटो देखने के बाद पीठ ने किसानों से पूछा कि हथियारों के साथ शांतिमय प्रदर्शन कैसे हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान अगर बच्चों को कुछ हो गया तो कहोगे



पंजाब-हरियाणा बार्डर पर सुरक्षाकर्मियों से टकराव के दौरान किसान ● (फाइल)

● **शुभकरण की मौत की रिटायर जज व दोनों राज्यों के एडीजीपी रैंक के अधिकारी करेंगे जांच**

कि बच्चों पर भी जुल्म किया गया। जिन बच्चों को स्कूल में होना चाहिए था वो हथियारों के साथ नजर आ रहे हैं। क्या किसान नेता अपने छोटे बच्चों को ऐसी स्थिति में भेजते। कोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूछा कि किसानों पर गोलियां क्यों दागी गईं। हरियाणा ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की हिंसक कार्रवाई में 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे और कई बार चेतावनी के बाद भी बात नहीं बनी तो रबर की गोलियां चलाई गईं। पीठ ने खनौरी बार्डर पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में स्पष्ट किया कि इसकी जांच पंजाब और हरियाणा को नहीं दी जा सकती। इसकी जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी करेगी। इसमें पंजाब और हरियाणा के दो एडीजीपी रैंक के अधिकारी भी शामिल होंगे। बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी व अन्य मांगों को लेकर बीते दिनों दिल्ली कूच का एलान किया था। हरियाणा सरकार के कड़े प्रबंधों के कारण किसान संगठन पंजाब सीमा से आगे नहीं बढ़ पा रहे और पटियाला के शंभू और संगरूर के खनौरी बार्डर पर डेरा डाले हुए हैं। उनकी कई बार हरियाणा पुलिस से झड़प हो चुकी है। गत 21 फरवरी को खनौरी बार्डर पर बठिंडा के बल्लो निवासी शुभकरण की मौत हो गई थी। पटियाला के पातड़ां थाना में हत्या की जीरो एफआइआर दर्ज की जा चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में मेटल के छर्रे मिले थे।

# राहुल अमेठी से भी लड़ सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राहुल गांधी समेत 40 उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। पार्टी ने अभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार राहुल केरल की वायनाड सीट के साथ ही अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल अमेठी से सांसद रह चुके हैं। 2019 में वह इस सीट से हार गए थे, लेकिन उन्हें वायनाड में जीत मिली थी। प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से मैदान में उतारा जा सकता है।



राहुल गांधी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 60 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मंथन किया गया। इसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष प्रमुख सोनिया गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ समिति के सदस्य शामिल हुए। दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, लक्षद्वीप, केरल, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम और मणिपुर की सीटों के प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हुई। केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि पार्टी केरल में 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि राज्य में चार सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

**दिल्ली की सीटों पर 11 को होगी चर्चा » पेज 17**

# प्रेमिका के माता-पिता व मामा को उम्रकैद

**अंकित सक्सेना हत्याकांड**



अंकित सक्सेना ●

- तीनों दोषियों पर तीस हजारी अदालत ने 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- 2018 में मुस्लिम लड़की से प्रेम संबंध के कारण गला काटकर की गई थी अंकित की हत्या
- इस मामले में लड़की के नाबालिग भाई का मामला किशोर न्याय बोर्ड में है लंबित

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** मुस्लिम युवती से प्रेम संबंध पर बीच सड़क गला काटकर की गई फोटोग्राफर अंकित सक्सेना की हत्या के मामले में तीस हजारी अदालत ने प्रेमिका की मां शहनाज बेगम, पिता अकबर अली और मामा मोहम्मद सलीम को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मामले में मौत की सजा उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि परिस्थितियों का आकलन करने के बाद अगर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि दोषियों के पुनर्वास की संभावना है, तो मौत की सजा उचित नहीं है।

अदालत ने कहा कि मौत की सजा केवल दुर्लभतम मामलों में ही दी जा सकती है। मामले में अत्यधिक जुर्माना लगाना भी उचित नहीं है। जब अपराध किया गया तब सलीम 43 साल का था, जबकि अकबर अली और शहनाज बेगम की उम्र 40 साल थी। वे लगभग छह साल से न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत ने कहा कि दोषियों का इतिहास साफ-सुथरा था और इस मामले के अलावा किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति, नशीली दवाओं के दुरुपयोग या किसी अन्य लत का कोई रिकार्ड नहीं है।


अदालत ने तीनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत अपराध के लिए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार का जुर्माना लगाया गया और यह धनराशि अंकित सक्सेना की मां को देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही शहनाज को अंकित की मां के साथ मारपीट करने के मामले में तीन महीने के अतिरिक्त कठोर कारावास और हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। 23 दिसंबर 2023 को तीनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि अंकित की हत्या दूसरे समुदाय की लड़की के साथ प्रेम संबंध के कारण की गई थी। मामले में लड़की के नाबालिग भाई के खिलाफ मामला किशोर न्याय बोर्ड में लंबित है।

**यह था मामला:** पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में एक फरवरी 2018 को अंकित की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। अदालत ने अंकित के दोस्त नितिन की गवाही दर्ज की थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मोहल्ला छोड़ दिया था और ए-ब्लाक से मकान बदलकर बी-ब्लाक में चले गए थे। पुलिस ने अप्रैल 2018 में लड़की के परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था और तीन मई 2018 को आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई सत्र अदालत में स्थानांतरित कर दी गई थी। 25 मई 2018 को सत्र अदालत ने आरोपितों पर हत्या, हत्या की साजिश और मारपीट की धाराओं के तहत आरोप तय किए थे।

### इकलौती संतान को आंखों के सामने मरते देखना दुखद पहलू

आरोपितों को दोषी करार देते हुए अदालत ने अपने निर्णय में कहा था कि संगीन अपराध में सबसे दुखद पहलू यह था कि अंकित के माता-पिता ने अपनी आंखों के सामने अपनी एकमात्र संतान को तड़पकर मरते देखा। अंकित के स्वजन ने अदालत के सामने बयान दिया था कि आरोपित उनके बेटे को बेरहमी से पीट रहे थे और वहां खड़े तमाशबीन लोगों के सामने उनके बेटे का गला काट दिया था।

**अंकित की मां बोलीं-उम्रकैद नहीं, दोषियों को फांसी दी जाए » पेज 8 व संपादकीय**






# ईडी की दूसरी शिकायत पर जारी किया सीएम को समन

## कोर्ट ने कहा, सीएम के विरुद्ध कार्यवाही के हैं पर्याप्त आधार

- सीएम की तरफ से वार-वार जारी समन की अनदेखी पर ईडी ने कोर्ट में दायर की दूसरी शिकायत
- ईडी की तरफ से केजरीवाल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कुल आठ समन जारी किए गए थे

**मनी लांड्रिंग मामला**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने के पहलू को देखते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी करते हुए कहा कि उनके विरुद्ध कार्यवाही के पर्याप्त आधार हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत किए समन का अनुपालन करने को संबंधित व्यक्ति बाध्य है। समन का अनुपालन नहीं करने पर ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

अदालत ने कहा कि मुख्यमंत्री उस समन का अनुपालन करने के लिए बाध्य थे, लेकिन ऐसा करने में वह विफल रहे। यह भी कहा कि एक ही व्यक्ति के विरुद्ध यह दूसरी शिकायत है और शिकायतकर्ता के तर्क में दम है कि एक लोकसेवक द्वारा जारी किए गए समन का अनुपालन नहीं करना एक अलग अपराध के समान होगा।

ईडी ने अपनी शिकायत में दावा किया कि केजरीवाल सहित मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने और अपराध की आगे की आय का पता लगाने के लिए जांच अधिकारी (आइओ) ने उनसे पूछताछ के लिए समन जारी किया था।

अरविंद केजरीवाल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कुल आठ समन जारी किए गए, लेकिन वर्तमान में 12 व 31 जनवरी व 14 फरवरी को जारी समन पर शिकायत दर्ज कराई गई। ईडी ने कहा कि समन का अनुपालन करने के बजाय अरविंद केजरीवाल ने तुच्छ उत्तर भेजे और समन पर कुछ आपत्तियां उठाईं। यह भी कहा कि प्रक्रियाओं से बचने के लिए जानबूझकर गैर-उपस्थिति के लिए एक या दूसरा बहाना बनाया।

### वीसी से पेशी की पेशकश

अब तक जारी सभी समन को गैरकानूनी बताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नजरअंदाज कर दिया है। हालांकि, उन्होंने हाल ही में ईडी को सूचित किया था कि उनसे 12 मार्च के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ की जा सकती है। मनी लांड्रिंग मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं।

### क्या है आरोप

ईडी ने आरोप लगाया है कि कुछ निजी कंपनियों को थोक व्यापार में 12 प्रतिशत का लाभ देने की साजिश के तहत आबकारी शुल्क नीति लागू की गई थी। थोक विक्रेताओं को असाधारण लाभ मार्जिन देने के लिए आप के मीडिया प्रभारी विजय नायर और साउथ ग्रुप के साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा एक साजिश रची गई थी। एजेंसी के मुताबिक विजय नायर केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की ओर से काम कर रहे थे।

> पीएमएलए की धाराओं के तहत किए समन का अनुपालन करने को संबंधित व्यक्ति बाध्य है। समन का अनुपालन न्हीं करने पर ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। – **दिव्या मल्होत्रा**, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट

## ईडी को लगता है वह कोर्ट से ऊपर : आतिशी

**राब्यू, नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को ईडी पर तब हमला बोला जब उसने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा समन से बचने को लेकर दूसरी बार अदालत में शिकायत की। दरअसल, दिल्ली आबकारी नीति घोटाले को लेकर ईडी के कोर्ट जाने पर हमलावर होते हुए आतिशी ने कहा कि अगर आप खुद अदालत गए हैं तो उसके आदेश का इंतजार करें। ऐसा लगता है, ईडी का मानना है कि वह अदालत के आदेश का इंतजार नहीं कर सकता और वह अदालत से ऊपर है।

## आरोपित कार्यवाही में देरी करने के लिए अपना रहे हथकंडे : ईडी

- ईडी ने हिरासत में पूछताछ के सीसीटीवी फुटेज की मांग वाले आवेदन के विरोध में दिया तर्क
- उपलब्ध कराई जानकारी के मीडिया में जांच एजेंसी के खिलाफ दुरुपयोग की जताई संभावना

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने बृहस्पतिवार को गंभीर आरोप लगाया है। ईडी ने कहा है कि मामले में आरोपित कार्यवाही में देरी करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने अपने आवेदन में यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों को प्रदान की गई जानकारी/सीसीटीवी फुटेज का आप नेताओं द्वारा मीडिया में जांच एजेंसी के खिलाफ निराधार अपमानजनक बयानों के माध्यम से दुरुपयोग किया जा रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष यह बयान हिरासत के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की आडियो और वीडियो रिकार्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति की मांग करने वाले आरोपितों के आवेदन का विरोध करते हुए दिया। ईडी की प्रतिक्रिया का एक आरोपित की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता नितेश राणा ने विरोध किया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के आवेदन पर कोर्ट को बताया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा अपनाई गई यह एक कानूनी प्रक्रिया है। वहीं, ईडी ने इसे मुकदमे के सुचारु कामकाज में देरी करने के लिए विभिन्न आरोपितों की रणनीति बताया।

### सिसोदिया व संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृहस्पतिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 19 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष ईडी ने यह कहते हुए उनकी आगे की न्यायिक हिरासत की मांग की कि मामला महत्वपूर्ण चरण में है और अगर रिहा किया गया तो आरोपित जांच में बाधा डाल सकते हैं। सीबीआइ ने फरवरी 2023 में सिसोदिया को गिरफ्तार किया और नौ मार्च को ईडी ने उन्हें तिहाड़ जेल से हिरासत में ले लिया था। गिरफ्तारी के बाद सिसोदिया ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, संजय सिंह के आवास पर कई घंटे की छापेमारी करने के बाद अक्टूबर 2023 में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए नहीं कर सकते अंतहीन इंतजार




- दिल्ली दंगा के दौरान एक वीडियो में व्यक्ति को राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर करते दिखे थे पुलिसकर्मी
- उस व्यक्ति की मौत से जुड़े मामले पर जांच की लंबी प्रक्रिया पर दिल्ली हाई कोर्ट ने की टिप्पणी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली दंगा के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किए गए एक व्यक्ति की मौत से जुड़े मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाया। फोरेंसिक रिपोर्ट के इंतजार के पुलिस के तर्क पर न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि अदालत को गुजरात में चल रही पूरी फोरेंसिक जांच पर रोक लगानी होगी। अदालत इसके लिए अंतहीन इंतजार नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि अदालत फोरेंसिक रिपोर्ट पर विचार नहीं करेगी क्योंकि यह (विश्लेषण) यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया नहीं हो सकती। इस टिप्पणी के साथ अदालत ने मामले की जांच तीन अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी।

अदालत मृतक की मां किस्मतुन की याचिका पर सुनवाई कर रही है। किस्मतुन ने 23 वर्षीय बेटे फैजान की मौत की अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल से जांच कराने की मांग की है। प्रसारित हुए एक वीडियो में फैजान को पुलिसकर्मी पीटते और राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गाने के लिए मजबूर करते दिख रहे हैं।

सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि कुछ वीडियो फुटेज का फोरेंसिक विश्लेषण अभी तक गुजरात में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा पूरा नहीं किया गया है। अदालत ने पाया कि विश्लेषण लगभग 10 महीने से लंबित है और पहले दिल्ली में और अब गुजरात में चल रहा है।

विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि वह रिपोर्ट की प्रतीक्षा किए बिना आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें याचिकाकर्ता या उनके वकील की उपस्थिति के बिना चैंबर में अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जाए। इस पर पीठ ने कहा कि वह पहले याचिकाकर्ता की अनुपस्थिति में चैंबर में सुनवाई करेगी और यदि यह पाया गया कि दलीलें केवल मृतक से संबंधित हैं, तो याचिकाकर्ता के वकील को भी सुना जाएगा।












*********

नई दिल्ली, शुक्रवार
8 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित





राजधानी में उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी निशुल्क बिजली 5

भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी को लांच करने का 19वां प्रयास : किरण रिजिजू 17


# यूपी में बिना मान्यता के चल रहे 8,848 मदरसे होंगे बंद

- एसआइटी ने शासन को भेजी अंतरिम रिपोर्ट में की सिफारिश
- 16 हजार मदरसों की फंडिंग को लेकर अभी जारी है जांच



मदरसे में पढ़ते बच्चे • फाइल फोटो

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** मदरसों में शैक्षिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए हो रही विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग की जांच के दौरान उत्तर प्रदेश में 8,848 मदरसे अवैध पाए गए हैं। एसआइटी की जांच में सामने आया है कि इन मदरसों का संचालन बिना किसी अनुमति के हो रहा था और इनके संचालक अपनी आय के स्रोत का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। मानकों को दरकिनार कर चलाए जा रहे इन मदरसों को खाड़ी देशों से फंडिंग भी हो रही थी।

**नेपाल सीमा से सटे जिलों में संख्या अधिक :** सूत्रों का कहना है कि अवैध पाए गए ज्यादातर मदरसे 2005 के बाद से संचालित हो रहे हैं। इनमें सिद्धार्थनगर में 800 से अधिक व श्रावस्ती में 400 से अधिक अवैध मदरसे हैं। एक अधिकारी के अनुसार नेपाल सीमा से सटे बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी व पीलीभीत के अलावा आसपास के कुछ अन्य जिलों में 500 से एक हजार तक मदरसे संचालित हो रहे हैं। एसआइटी मामले में अब तक दो अंतरिम रिपोर्ट सौंप चुकी है। माना जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा के बाद अवैध मदरसों को बंद किए जाने की कार्रवाई शुरू हो सकती है।

**संचालक नहीं दे सके आय-व्यय का ब्योरा :** प्रदेश में संचालित लगभग 16 हजार मदरसों की जांच अभी चल रही है। इनमें लगभग साढ़े पांच हजार मदरसे मान्यता प्राप्त हैं, जबकि लगभग 10 हजार मदरसे ऐसे हैं, जिन्हें तीन से पांच वर्ष की अस्थायी मान्यता प्राप्त थी। अधिकांश ऐसे हैं, जिनकी मान्यता अवधि समाप्त होने के बाद दोबारा मान्यता ही नहीं कराई गई। इनमें न खेल के मैदान हैं और न ही अन्य मानक पूरे किए गए हैं। 90 प्रतिशत मदरसों के संचालक अपनी आय-व्यय का ब्योरा नहीं दे सके हैं। संचालकों का तर्क है कि मदरसे चंदे की रकम से बनाए गए हैं पर उसका ब्योरा उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआइटी का गठन किया गया था।

एटीएस ने अक्टूबर 2023 में बांग्लादेशी नागरिकों व रोहिंग्या की घुसपैठ कराने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्यों को पकड़ा था। दिल्ली से संचालित एनजीओ के माध्यम से तीन वर्षों में 20 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग की बात सामने आई थी। एटीएस ने जनवरी, 2024 में विदेशी फंडिंग के मास्टरमाइंड अबू सालेह मंडल को गिरफ्तार किया था। अबु सालेह की एनजीओ हरोआ-अल-जमियातुल इस्लामिया दारुल उलूम मदरसा तथा कबीरबाग मिल्लत एकेडमी के एफसीआरए खातों में उम्मा वेलफेयर ट्रस्ट, यूके के माध्यम से 58 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई थी। उम्मा वेलफेयर ट्रस्ट की भूमिका भी जांच के घेरे में है।

## यूक्रेन-रूस की लड़ाई में भारतीयों की भर्ती के बड़े रैकेट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली:** सीबीआइ ने अच्छी नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को यूक्रेन के साथ लड़ाई में रूस की सेना में भर्ती करने के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह रैकेट दिल्ली, तिरुअनंतपुरम से लेकर दुबई तक फैला था।

विस्तृत >> पेज 19

## भारतीय युद्धपोत ने अदन की खाड़ी में चालक दल के 21 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली** : अदन की खाड़ी में हाउती विद्रोहियों के मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आइएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। इनमें एक भारतीय भी है।

विस्तृत >> पेज 19

## बेंगलुरु में गहराया पानी का संकट, बंद किए गए स्कूल और कोचिंग सेंटर

**बेंगलुरु** : मार्च की शुरुआत में ही कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। मुश्किल हालात में स्कूलों को बंद कर दिया गया है और कोचिंग सेंटरों ने भी छात्रों से वर्चुअली कक्षाएं लेने को कहा है।

विस्तृत >> पेज 19







दैनिक जागरण सप्तरंग
मनोरंजन की दुनिया का

स्त्री के हृदय में झांकता सिनेमा

माओवादियों का सच दिखाने की तैयारी सुदीप्तो सेन



• जागरण सिटी

महासमर 2024
सभी चुनें सही चुनें
• पेज 6 व 13

jagran.com
वेबसाइट पर पढ़ें

**साउथएशिया में खलबली**

सिंगपुर सरकार व टेलर स्विफ्ट के बीच इस डील से साउथ एशिया में खलबली, थाईलैंड जैसे देशों ने की खास अपील

दैनिक जागरण झंकार
जिंदगी की

**पहली स्याही**
युवाशक्ति को मिलेगा जिम्मेदारी का प्रथम संस्कार



**महके फूल प्याज के**
यूं तो प्याज की गंध किसी को नहीं पसंद, फिर कहां महक रहे फूल प्याज के



**खुशी मिली इतनी**
एयरपोर्ट पर सामान खोने से खुश क्यों हुईं श्रिया सरन



पढ़ें इस रविवार


# जम्मू-कश्मीर का विकास अनु. 370 हटाने का परिणाम : मोदी

## अनुच्छेद-370 होने के कारण यहां योजनाएं नहीं होती थीं लागू




श्रीनगर में कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने बलिदानी पुलिस अधिकारी सैफुल्लाह कादरी की पत्नी को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। साथ में मौजूद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा। • प्रेट्र

- प्रधानमंत्री मोदी ने 6400 करोड की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया
- यह वह नया जम्मू कश्मीर है जिसके लिए श्यामा प्रसाद ने बलिदान दिया

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर :** पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को पहली बार कश्मीर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का जो विकास हुआ है और प्रदेश खुलकर सांस ले रहा है तो यह अनुच्छेद-370 हटने के कारण ही हुआ है। जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है। ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए, विकसित जम्मू-कश्मीर, विकसित भारत ही हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने भाजपा और कश्मीर के संबंधों को जोड़ते हुए कहा कि यहां झीलों में कमल खिलते हैं, यह संयोग है या कुदरत का कोई इशारा कि भाजपा का चिह्न भी कमल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपका दिल जीतने में कामयाब रहा हूं, आगे भी कोशिश करता रहूंगा, यह 'मोदी की गारंटी' है।' यह भी दीगर है कि पीएम मोदी ने कश्मीर में सिर्फ विकास पर बात की। अपने पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी चुनाव की बात नहीं की।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से आयोजित 'विकसित जम्मू-कश्मीर, विकसित भारत' कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब देश के कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे। गरीब कल्याण की योजनाएं का लाभ भी प्रदेश के लोगों को नहीं मिलता था। आज श्रीनगर से पूरे भारत के लिए योजनाओं का आरंभ हुआ है। यह सब इसलिए हो सका क्योंकि अनुच्छेद-370 हट गया है। आज यहां से स्वदेश दर्शन योजना के तहत छह परियोजनाएं देश को समर्पित की गई हैं। प्रसाद योजना के तहत तीन परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है, 14 और परियोजनाओं को भी जारी किया जा रहा है। पवित्र हजरतबल दरगाह में लोगों की सुविधा के लिए जो विकास कार्य हो रहे थे, वह भी पूरे हो चुके हैं। सरकार ने 40 से ज्यादा ऐसी जगहों की पहचान भी की है, जिन्हें अगले दो वर्षों में टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा। किसानों के लिए कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजना भी समर्पित की गई हैं। 1,000 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए हैं। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं का नेतृत्व विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता यहीं से निकलने वाला है। जम्मू-कश्मीर के विकास का ये अभियान किसी कीमत पर नहीं रुकेगा।

### प्यार के कर्ज को चुकाने में कसर नहीं छोड़ूंगा

झेलम नदी के किनारे खचाखच भरा श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम आज गवाही दे रहा था कि 'कश्मीर बेहद खुश' है। रैली स्थल पर मोदी-मोदी के नारों से उत्साहित प्रधानमंत्री ने कहा- 'इतनी बड़ी तादाद में आपका यहां आना और आपका प्यार इससे मैं जितना खुश हूं, उतना ही कृतज्ञ भी हूं। प्यार के इस कर्ज को चुकाने में मोदी कोई कोर- कसर नहीं छोड़ेगा।

संबंधित >> पेज 17 व संपादकीय





PRIORITY DELIVERY | 100% ON ROAD FINANCE | BEST EXCHANGE OFFERS ON OLD CAR* | SPECIAL BENEFITS FOR CORPORATE EMPLOYEES | OFFER VALID TILL MARCH 31, 2024

SOUTH DELHI: TREO AUTO: OKHLA: 7506019457. TREO AUTO: SAFDARJUNG ENCLAVE: 7506019454. TREO AUTO: NEHRU PLACE: 7506019457. TREO AUTO: SAKET: 7506019454. SAB MOTORS: LAJPAT NAGAR: 7506019487. SAB MOTORS: MATHURA ROAD: 7506019505. EAST DELHI: DPS CARS: PREET VIHAR: 8929567222/9. SAGAR MOTORS: PATPARGANJ: 7506019545.SAGAR MOTORS: DILSHAD GARDEN: 7506019521. SAB MOTORS: GOKULPURI: 8291058108. NORTH DELHI: CHERISH CAR: ROHINI: 7039049471. AUTOVIKAS: WAZIRPUR: 7506019445. SPARSH AUTOTECH: NARELA: 8291058089. MALWA: PRASHANT VIHAR: 7506019463. WEST DELHI: DELIGHT MOTORS: JANAKPURI: 7045211252. SPARSH AUTOTECH: NAJAFGARH: 7506019549. SPARSH AUTOTECH: PALAM DABRI: 7506019683. TRUENORTH: MAYAPURI: 7506019838. TRUENORTH: PEERAGARHI: 9619223251. AUTOVIKAS: MOTI NAGAR: 7506019415. AUTOVIKAS: DWARKA SEC-5 : 9619023842. AUTOVIKAS: DWARKA SEC-20: 7506019416. CENTRAL DELHI: ARYA MOTORS: CONNAUGHT PLACE: 9810638782. DPS CARS: KASHMERE GATE: 9090808057. SPARSH AUTOTECH: KAROL BAGH: 9619490132. NOIDA: SAGAR MOTORS: SECTOR 5: 7506020132. SAGAR MOTORS: SECTOR 63: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GURUGRAM: HIMGIRI AUTOMOBILES: HERO HONDA CHOWK: 9619140714. ZEDEX MOBILITY: GOLF COURSE EXTN ROAD: 9167617962. ZEDEX MOBILITY: SOHNA ROAD: 7506019906. ARYA MOTORS: UDYOG VIHAR: 8291539640. ARYA MOTORS: SEC-14: 7506019879. ARYA MOTORS: GOLF COURSE ROAD: 7506019902. CSG AUTOMOBILES: SOHNA: 8879054086. HIMGIRI AUTOMOBILES: WAZIRPUR: 8291522893.MANESAR : HIMGIRI AUTOMOBILES : 8291210154. PATAUDI: HIMGIRI AUTO MOBILES: 8291518973. FARIDABAD: MULTITECH MOTORS: BPTP: 8291291325. MULTITECH MOTORS: SEC-27A: 7506019846. AUTOVIKAS: YMCA CHOWK : 8879140298. PALWAL: MULTITECH MOTORS: 7506019846. HODAL: MULTITECH MOTORS: 8291518205. GHAZIABAD: SAB MOTORS: PATEL NAGAR: 7506019939. SAB MOTORS: MOHAN NAGAR: 7506019947. SAB MOTORS:VAISHALI: 9619085440. SAB MOTORS: MODINAGAR: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. SONIPAT/KUNDLI/GOHANA: SWAN MOTORS: 7506020826. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918. PREMIUM MOTOCORP: MAHENDERGARH: 8291518613. NARNAUL: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. MEERUT: ANJNEY AUTOMOBILES: GARH ROAD: 8291103957. SHREE VASU: SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: 7506019959. SHREE VASU: SARDHANA: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD : 8879702579. MANGALAM AUTOWORLD : NAJIBABAD: 9619322842. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD : 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879916419.

Terms and Conditions apply. *Benefits up to differs from model to model and is inclusive of consumer offer, exchange bonus and maximum corporate offer. All offers are valid for limited period or till stocks last. *Warranty cover for 3 years/ 1 Lakh km, whichever ends earlier. Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Local taxes and octrol extra.


*********

संपादकीय जागरण
शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 : फाल्गुन कृष्ण - 13 वि. 2080
आत्मचिंतन का अभाव प्रगति में अवरोध बनता है

# नया जम्मू-कश्मीर

**अनुच्छेद 370** हटाए जाने के बाद पहली बार श्रीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री ने जिस नए जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया, उसकी एक झलक उनकी इस रैली में भी दिखाई दी। उसमें अच्छी-खासी संख्या में भीड़ जुटी और उसकी सुरक्षा के लिए बहुत अधिक कठोर प्रबंध भी नहीं दिखे। इससे यही रेखांकित हुआ कि जम्मू-कश्मीर और विशेष रूप से घाटी का वातावरण बदल रहा है। कश्मीर का माहौल बदलने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। बीते वर्ष कश्मीर में रिकार्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे। वहां पत्थरबाजी की घटनाएं न के बराबर देखने को मिल रही हैं और जन कल्याण एवं विकास योजनाओं के रफ्तार पकड़ने के साथ ही निवेश भी बढ़ रहा है। इसके अलावा सिनेमाघर खुलने के साथ उद्योग-धंधे फल-फूल रहे हैं। इसी तरह सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां भी सुगमता के साथ हो रही हैं। यह सब हो पा रहा है तो इसीलिए कि वहां आतंकी घटनाओं में कमी आई है और अलगाववादियों के हौसले पस्त हुए हैं। श्रीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री ने 64 सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण किया। इसके कुछ दिनों पहले उन्होंने जम्मू में भी सैकड़ों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री ने श्रीनगर की अपनी रैली में एक ओर जहां अनुच्छेद 370 के नाम पर लोगों को गुमराह किए जाने की याद दिलाई, वहीं दूसरी ओर इसका भी उल्लेख किया कि इस अनुच्छेद का कैसे चंद राजनीतिक परिवारों ने अपने हित में इस्तेमाल किया। यह एक सच्चाई भी है और इसीलिए इन परिवारों के नेताओं ने कश्मीर में स्थितियां सुधरने के प्रधानमंत्री के दावे का खंडन किया। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के केंद्र सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी है, इसलिए विपक्षी दलों के पास कहने को ज्यादा कुछ नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कश्मीर में कानून एवं व्यवस्था में सुधार आने की बात पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी स्वीकार कर चुके हैं। वास्तव में इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि कश्मीर की स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन यह भी नहीं कहा जा सकता कि वहां सब कुछ सामान्य हो गया है और अब जम्मू-कश्मीर के हालात देश के अन्य राज्यों जैसे हो गए हैं। इस राज्य और खासकर कश्मीर में सब कुछ सामान्य होने में समय लगेगा, इसका संकेत इससे भी मिला कि प्रधानमंत्री ने विकास और बदलाव की बातें तो कीं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को बहाल करने की चर्चा नहीं की। यह तय है कि यह काम वहां विधानसभा चुनाव कराने के बाद ही संभव हो सकेगा। इसके पहले वहां के हालात और सुधारने, पाकिस्तान का हस्तक्षेप बंद करने के साथ आतंकवाद पर पूरी तरह काबू पाना होगा। इसके साथ ही कश्मीरी हिंदुओं की वापसी भी सुनिश्चित करनी होगी। यह सब तभी हो सकेगा, जब कश्मीर की जनता यह संदेश और सही तरह ग्रहण करेगी कि उसका हित देश के साथ कदम मिलाकर चलने में है।

# उचित निर्णय

**पश्चिमी दिल्ली** के ख्याला में युवक की गला काटकर हत्या करने के मामले में प्रेमिका के माता-पिता व मामा को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जो सर्वथा उचित है। फरवरी, 2018 की इस घटना में मुस्लिम समुदाय की युवती से प्रेम संबंध होने पर उसके स्वजन ने अपने कार्यालय से घर लौट रहे युवक की बीच सड़क पर गला काटकर हत्या कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने इस मामले में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि युवक की हत्या दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम संबंध के कारण की गई थी।

> झूठी शान के लिए हत्या जघन्य अपराध होने के साथ ही एक सामाजिक कुरीति है, जिसे हर हाल में दूर किए जाने की आवश्यकता है

एक सभ्य समाज में इस तरह की अमानवीय घटनाओं को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। पुलिस की उचित कार्रवाई और अदालत का निर्णय ऐसी घटनाओं में कमी लाने में निश्चित तौर पर मददगार साबित होगा। लेकिन, पुलिस और अदालतें घटना घटने के बाद कार्रवाई करतीं या निर्णय देती हैं, आवश्यकता इस बात की है कि प्रयास किया जाए कि इस तरह की घटनाएं होने ही नहीं पाएं। ये समाज को अपने स्तर पर देखना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। झूठी शान के लिए हत्या जघन्य अपराध होने के साथ ही एक सामाजिक कुरीति है, जिसे हर हाल में दूर किए जाने की आवश्यकता है। विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध लोगों, सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हैसियत रखने वालों को समुदायों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम


**क्या शाहजहां शेख का बचाव करने से ममता बनर्जी को राजनीतिक रूप से नुकसान होना तय है?**




**आज का सवाल**
क्या भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बांड संबंधी सूचना साझा करने के लिए और समय मिलना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# राजवंश सरीखी राजनीति



गिरीश्वर मिश्र

**भारतीय राजनीति में नए नेतृत्व का प्रजा के बीच से न उभरना और नेताओं द्वारा अपने परिवार को थोपने का रुझान चिंताजनक है**

आगामी चुनाव अमृतकाल के संकल्पों की जमीनी यात्रा की दृष्टि से भी महत्व का होगा। अगले 25 वर्षों में हम कहां पहुंचेंगे, यह प्रश्न भारतीय जनता के मन को मथ रहा है। विगत कुछ वर्षों में सामाजिक परिवर्तन को दिशा देने के लिए उठाए गए कदमों से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सुविधाएं बढ़ी हैं। कई मोर्चों पर कामयाबी मिली है। हालांकि यह कहना भी ठीक नहीं होगा कि सब कुछ ठीक है। अभी भी बहुत कुछ सुधार करना शेष है। संप्रति राजनीतिक परिदृश्य पर जनता की कम और राजनीति के नए-पुराने किरदारों की भूमिका ही अधिक दिखती है। कुछ थोड़े से लोग ही लोकतंत्र के यज्ञ चुनाव को गंभीरता से लेते हैं, जबकि जनता के लिए अच्छी सरकार उसकी आकांक्षाओं के पूरा होने के लिए जरूरी है। निश्चय ही विश्व के विशालतम जनतांत्रिक देश के लिए आम चुनाव परीक्षा की घड़ी जैसे हैं। चुनाव में राजनीति बहुत महत्वपूर्ण है और राजनीति में 'देश' की बड़ी अहमियत होती है। 'देश' शाब्दिक रूप से तो स्थान को बताता है, लेकिन वह व्यापक संदर्भों वाला एक विचार भी है और समाज का स्वप्न भी, जो एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र में बसने वाली जनता को एक सशक्त भावनात्मक सूत्र में बांधता है।

देश में जल्द ही सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है। देश चलाने के लिए अनेक छोटे-बड़े दल चुनावी दंगल में शामिल होने को आतुर हैं। उनकी बातों में देश के लिए और देश में उपेक्षित और हाशिए पर स्थित लोगों के लिए चिंताएं दिख रही हैं। इन वर्गों के लिए अनेकानेक प्रस्ताव भी पेश होते रहते हैं। भावी नीति-रीति को स्पष्ट करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा घोषणापत्र जारी किया जाता है। अब 'संकल्प पत्र' भी जारी होते हैं। इन सबके बीच व्यापक मुद्दों पर बहस राजनीति से गायब हो रही है। स्वस्थ बहस और नीतिगत चर्चा का पटाक्षेप सा हो गया है। परस्पर दोषारोपण का अंतहीन सिलसिला चल निकला है। सत्ता की शक्ति का आकर्षण बेजोड़ होता है। उसके लिए नेताओं को किसी भी चीज से परहेज नहीं है। अतीत की ओर देखें तो स्वतंत्रता संग्राम के समय राजनीति का रिश्ता देश-सेवा और आत्मदान से जुड़ गया था। राजनीति से जुड़ने वाले व्यक्ति में निजी-हित एवं स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के लिए समर्पण का भाव प्रमुख था। स्वराज के आकांक्षी यानी 'सुराजी' ऐसे ही होते थे। वे अपना खोकर सबका हो जाने की तैयारी से राजनीति में आते थे। स्वतंत्रता मिलने के साथ सरकार में भागीदारी ने राजनीति का चरित्र और उसका रूप-स्वरूप बदलना शुरू किया। देखते ही देखते नेताओं की वेश-भूषा एवं रहन-सहन आदि में बदलाव आया और जीवन की राह तेजी से आभिजात्य की ओर उन्मुख होती गई। विधायक या सांसद राजपुरुष होने की ओर बढ़ने लगे। मंत्री होना राजसी ठाट-बाट का पर्याय सा हो गया। नेताओं का भी दरबार लगने लगा और वे प्रजा की सेवा से दूर होते चले गए। जनसेवक होने की जगह वे खुद अपने लिए जनसेवा कराने लगे। अब इस तरह की व्यवस्था एक स्थायी रूप ले चुकी है। उसका शुद्ध रूप माननीयों के जनता दरबार में दिखता है, जहां लोग अपनी फरियाद के साथ हाजिरी लगाते हैं। राजनीति ने सेवा की जगह धन उगाही के व्यापार का रूप ले लिया और नेताओं की संपत्ति दिन दूनी रात चौगुनी वाले हिसाब से बढ़ने लगी। राजनीति और धनार्जन की दुरभिसंधि के नए आयाम खुलते गए। देश भर के तमाम नेताओं की आर्थिक समृद्धि का ग्राफ जिस चमत्कारी ढंग से बढ़ने लगा, वह अपने में बहुत कुछ कहता है। प्रतीत होता है कि नेतृत्व करना या राजनीति का कर्म नेता के लिए धन-संपदा बटोरने का जरिया बन गया है।




अवधेश राजपूत

आज अधिकांश नेताओं के पास आय से अधिक संपत्ति होना एक आम बात है। इसी के साथ एक पक्ष और प्रबल होने लगा कि नेता का परिवार और परिजन भी राजनीति में अवांछित दखल देने लगे। जन-सेवा और लोक संग्रह से कोसों दूर ये नए नवेले अगली पीढ़ी के नेता मुख्यतः कर्मठ जन-सेवा की बदौलत नहीं, बल्कि वंशधर होने के कारण उसमें शामिल होने लगे। राजनीति का जो आधार पहले जनता से जुड़ा था, वह दरकने लगा। अपने विश्वस्त की तलाश करते वरिष्ठ या 'सीनियर' नेताओं की आंखें घूम फिर कर अपने बेटी-बेटे, पत्नी, भाई, भतीजे और नाते-रिश्तेदारों पर टिकने लगीं। सच कहें तो राजनीति में भागीदारी उसके किरदारों को पुश्तैनी व्यापार जैसा लगने लगा। कुछ को इसमें सफलता भी मिलने लगी। कई मामलों में जनता को भी नेता की थोपी हुई संतान में उसी नेता की छवि दिखने लगी। यह बात और है कि विरासत में मिला जनाधार टिकाऊ नहीं होता। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में खानदानी नेताओं की जमात बढ़ती जा रही है। राजनीतिक सरोकारों का इस तरह सिमटना देश और समाज के साथ-साथ नए नेता के लिए भी अहितकर होता है, लेकिन यह जानते-समझते हुए भी राजनीति में वंशवाद का बोलबाला बढ़ने पर है। राजनीतिक दल पारिवारिक दल में रूपांतरित हो जाता है और सत्ता का संपत्ति की भांति बंटवारा किया जाता है। असंतुष्ट होने पर परिवार टूटने के तर्ज पर पार्टी टूटती है। यह एक अजीब बदलाव है, जो जनतंत्र की मूल प्रकृति और चरित्र के उलट बैठता है। जनतंत्र तो जन से चलता है। प्रजा में ही जनतंत्र का आत्मा बसता है। प्रजा और जन एकसमान होते हैं, परंतु नेताओं का प्रजा के बीच से न उभरना अत्यंत चिंताजनक है। शर्म और लिहाज को ताक पर रखकर राजनीतिक वंशों का आधिपत्य बनाए रखने की घटनाएं राजनीति और लोकतंत्र दोनों के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं कही जा सकतीं।

वर्तमान में जिस तरह की परिस्थितियां बन रही हैं, उनसे लोकतंत्र की मुश्किलें बढ़ना तय है। खानदानी तौर पर राजवंश सरीखी राजनीति के प्रमुख दावेदारों की सूची बढ़ती जा रही है। स्थानीय और राष्ट्रीय राजनीति में इनके करतब सार्वजनिक रूप से उपस्थित हैं। भारत में विभिन्न दलों से आते ये परिवार और उनके परिजन सालों-साल राज-सत्ता पर आसीन होकर सीधे या परोक्ष नियंत्रण से राजनीति करते हुए हमारे देश की दशा बनाते-बिगाड़ते आ रहे हैं। लोकतंत्र के लिए वंशवाद खतरनाक है और राजनीतिक बिरादरी को इस पर विचार करना ही होगा।

(लेखक पूर्व शिक्षाविद् एवं पूर्व कुलपति हैं)
response@jagran.com

# समान संहिता के केंद्र में आएं महिलाएं



नाइश हसन

**समान नागरिक संहिता के निर्माण में लैंगिक समानता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए**

महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए दशकों पहले हमारे पुरखों ने यह महसूस कर लिया था कि भारत के पंथ आधारित निजी कानून महिलाओं को न्याय नहीं देते। लिहाजा उनमें बदलाव किया जाना चाहिए। तभी से लैंगिक समानता पर आधारित कानून बनाने और निजी कानूनों में बदलाव की मांग उठने लगी। वर्ष 1971 में पूना में हुई महिला कांग्रेस के दौरान भी यह बात जोरदार तरीके से उठी और लैंगिक समानता तथा स्त्री गरिमा की बात को बल मिला। एक तरह से हम पिछले 150 वर्षों से समान नागरिक संहिता की दिशा में अग्रसर हैं। आज हमारे देश में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता के प्रविधान मौजूद हैं, जो पहले नहीं थे। बस उत्तराधिकार, शादी, तलाक और बच्चों के संरक्षण के मामले में सभी समुदायों के अपने-अपने कानून हैं। यह कहना उचित ही होगा कि वे महिलाओं को वांछित अधिकार नहीं देते। आजादी के बाद से महिलाएं उन्हें लगातार चुनौती देती आ रही हैं। 1948 के बाद से कई ऐसे मौके आए, जब सुप्रीम कोर्ट ने भी समान नागरिक संहिता की वकालत की और अनुच्छेद-44 का हवाला दिया। 1985 में शाहबानो के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह दुख का विषय है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद-44 मृत होकर रह गया है। इसके बाद 1995 में सरला मुद्गल केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि संविधान के अनुच्छेद-44 के लिए संविधान निर्माताओं की इच्छा को पूरा करने में सरकार को अभी कितना समय लगेगा? 2003 में जान बलवत्तम केस में कोर्ट ने फिर कहा कि यह दुख की बात है कि संविधान के अनुच्छेद-44 को अभी तक लागू नहीं किया गया। 2017 में भी शायरा बानो केस के समय अदालत में यह मुद्दा उठा था।

इसमें दो राय नहीं कि समान नागरिक संहिता एक प्रगतिशील समाज की वकालत करती है, जिसे लागू होना ही चाहिए, लेकिन देखा यह गया कि इस पर सियासी दलों ने राजनीति करके महिलाओं को इस मुद्दे के केंद्र से गायब सा कर दिया। समान नागरिक संहिता की जरूरत को न्याय से जोड़ने के बजाय देश की एकता, अखंडता, एक देश-एक कानून, अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक गोलबंदी की तरफ मोड़ दिया, जबकि कानून में सुधार की मांग का राष्ट्रभक्ति या एकता, अखंडता से कोई लेना-देना नहीं। फिर भी यह वोट की गोलबंदी से जुड़ा मुद्दा बन गया और महिलाओं के बजाय नेता, धर्मगुरु सामने आ गए। निजी कानूनों पर सवाल उठाना धार्मिक मामलों में दखल देना माना जाने लगा। धर्मगुरु आपे से बाहर होने लगे। इस मुद्दे का दो बड़ी सियासी पार्टियों कांग्रेस और भाजपा ने सांप्रदायीकरण भी किया। इस राजनीति ने महिलाओं का खासा नुकसान किया। उन्हें पता होना चाहिए कि महिलाएं किसी समुदाय की भेड़ें नहीं हैं, जिन्हें चरवाहा मजहबी डंडा लिए हांकता रहे। वे स्वतंत्र आवाज हैं और उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए।



महिलाओं के लिए न्यायसंगत नहीं मजहबी कानून ● फाइल

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की पहल करके राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी सरकार के एजेंडे में शामिल एक काम को पूरा तो कर लिया, लेकिन इस कानून के बारे में महिलाएं उनसे कुछ सवाल भी कर रही हैं। इस कानून के तहत लिव-इन रिश्ते में रहने वाले जोड़े को सरकार के सामने अपने दस्तावेज पेश करने होंगे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि हमारे समाज में प्रेम करने वाले जोड़ों को अक्सर मार डाला जाता है। समुदाय उनके साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करता है। अगर इस साल की कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो इसकी गंभीरता का अहसास होता है। जैसे-नोएडा में वैलेंटाइन डे पर एक पिता ने बेटी की हत्या कर दी। मुजफ्फरनगर में एक भाई ने अपनी बहन को प्रेम करने की क्रूर सजा दी। गोंडा में तो बेटी के पिता ने बेटी एवं उसके प्रेमी, दोनों को मार डाला। ऐसे में अगर प्रेमी जोड़े अपने रिश्ते और उनके साथ रहने के बारे में हलफनामा देंगे तो उनके जीवन पर खतरे की तलवार मंडराने लगेगी और उनकी निजता प्रभावित होगी। ऐसा प्रविधान कानून में लाना यह साबित करता है कि कानून बनाते समय महिलाओं को नजरअंदाज किया गया। उनकी स्थिति को ध्यान में रखकर नहीं सोचा गया। ऐसे कानून महिलाओं की गरिमा के साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं।

ऐसी संभावना है कि आगे और भी राज्य समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। लिहाजा उन्हें इस पर जरूर गौर करना चाहिए कि उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता का माडल उनके यहां की महिलाओं के नजरिये से मुफीद है या नहीं? जब सरकारें समान नागरिक संहिता के मसौदे पर बहस करें तो उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विचार-विमर्श में सभी समुदाय की महिलाओं की भागीदारी और लैंगिक समानता का नजरिया उसके केंद्र में हो। इससे ही महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई और प्रभावी हो सकेगी। साथ ही सरकारों और सामुदायिक नेताओं पर भी दबाव पड़ेगा कि वे महिला अधिकारों की बात को स्वीकार करें। एक आदर्श स्थिति तो वह होगी, जब हम पहले वैकल्पिक नागरिक संहिता लाएं, फिर निजी कानूनों में सुधार लाते-लाते अंततः एक अनिवार्य नागरिक संहिता को जन्म देने में सफल हो जाएं। समान नागरिक संहिता को एक बार में ही न लागू करके इसे चरणों में लागू किए जाने की जरूरत है। वैकल्पिक कानूनों की उपलब्धता स्वयं ही निजी कानूनों में सुधार की दिशा में काम करेगी। किसी भी धार्मिक संदर्भ को देखे बिना मानवीय आधार पर न्याय होना चाहिए और सबको न्याय मिलना चाहिए। उम्मीद की जाती है कि अन्य राज्य समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करते समय महिलाओं की आवाज को अनसुना नहीं करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हम इतनी आशा तो कर ही सकते हैं।

(लेखिका महिला अधिकार कार्यकर्ता हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### शिव-पार्वती विवाह

धर्मग्रंथों के अनुसार देवाधिदेव महादेव के 14 बार डमरू बजाने से अंतरिक्ष में जो गूंज हुई उससे महर्षि पाणिनि ने संस्कृत व्याकरण की रचना की। महादेव की कृपा से ही महर्षि पाणिनि को यह सूत्र मिला इसलिए इसे उन्होंने माहेश्वर सूत्र कहा। इस कथा से स्पष्ट होता है कि अक्षर महादेव के स्वरूप जैसे हैं। महादेव के सहस्र नामों में एक नाम अक्षर भी है। अक्षरों को संयोजित कर शब्द बने और उन शब्दों से अर्थ निकला, जिसके चलते भावों की अभिव्यक्ति शुरू हुई। इस प्रकार अक्षर शिव हैं और उनका संयोजन कर शब्द बनाने की प्रक्रिया पार्वती से दांपत्य सूत्र बंधन है।

कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि 'मैं वाणी और अर्थ के समान मिले हुए जगत के माता-पिता पार्वती-शिव को प्रणाम करता हूं।' इससे स्पष्ट होता है कि शिव-पार्वती के विवाह का आशय मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन प्रदान करना है। अक्षर और शब्द न होते तथा विचारों की अभिव्यक्ति न होती तो पूरी धरती पर पशुवत जीवन होता, क्योंकि पशु किसी तरह की अभिव्यक्ति नहीं कर पाते हैं।

शिव तथा पार्वती के विवाह को भाव पक्ष और कर्म पक्ष के संयोग के अलावा चिंतन और क्रियान्वयन के रूप में भी देखा जा सकता है। मनुष्य का सकारात्मक चिंतन ही उसे देवत्व की ओर ले जाता है, नकारात्मक चिंतन दैत्य श्रेणी में ले जाता है। किसी सोची गई बात का क्रियान्वयन किस रूप में किया गया, यह महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य कर्म करके प्रकृति से शक्ति अर्जित करता है। स्मरण रहे कि कर्म पक्ष शिव और भाव पक्ष पार्वती है। स्त्री हो या पुरुष मानसिक स्तर पर दोनों कर्म तथा भाव के बंधन में रहते हैं। पुरुष में भी स्नेह, प्रेम, करुणा एवं दया का स्त्रियोचित भाव जब जागृत होता है तब वह नारी के गुणों वाला बन जाता है। जबकि स्त्री भी जब कर्म करती है तब उसमें पुरुष तत्व प्रधान हो जाता है। इसलिए शिव-पार्वती के विवाह का अर्थ मनुष्य के व्यक्तित्व में संपूर्णता का समावेश है।

सलिल पांडेय

## पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

### कुत्तों की बढ़ती संख्या पर लगे लगाम

पंकज चतुर्वेदी के 'गंभीर होती आवारा कुत्तों की समस्या' आलेख में बताई गई परेशानी आज देश के हर गांव, नगर, महानगर की है। वर्ष में दो बार प्रजनन करने वाले पशुओं की यह प्रजाति बेरोकटोक अपनी संख्या बढ़ा रही है। आए दिन अखबारों में खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के झुंड ने काट कर घायल कर दिया। कुत्तों को लेकर सबसे गंभीर तथ्य तो यह है कि इनके काटने से होने वाली बीमारी लाइलाज है। दुनिया भर में उसका कोई इलाज नहीं है। मनुष्य के एक बार संक्रमित हो जाने के बाद उसे दर्दनाक मृत्यु ही मिलती है। इससे बचाव के टीके भी पर्याप्त मात्र में सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं रहते। अक्सर ही उनकी किल्लत की खबरें आती हैं। यह सही है कि पशुओं में कुत्ते मनुष्य के अच्छे और वफादार साथी हैं, किंतु झुंड के झुंड घूमते आवारा कुत्ते नागरिकों के लिए समस्या ही बने हुए हैं। सरकारों को इस अति गंभीर विषय पर ध्यान देना चाहिए। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हर जिले में कुत्तों के लिए एक बड़ा पुनर्वास केंद्र सरकारी स्तर पर बनाया जाना चाहिए, जिसमें नगरों में घूमते आवारा कुत्तों को पकड़ कर रखा जाए। नागरिकों को प्रेरित किया जाए कि वे इन कुत्तों के भरण-पोषण में सहयोग करें। कुत्तों की नसबंदी भी इनकी संख्या को सीमित करने का एक कारगर और बेहतर उपाय हो सकता है। जनसहयोग से सरकारें देश को इस समस्या से छुटकारा दिला सकती हैं।

राजीव वार्ष्णेय, पुरानी पैंठ, चंदौसी

### संदेशखाली फाइल्स

आखिरकार संदेशखाली का सच और शाहजहां शेख की गुंडागर्दी जगजाहिर हो चुकी है। इस मामले में शासन-प्रशासन द्वारा शाहजहां शेख को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से बचाने की बहानेबाजी के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां तक उड़ाई गईं। जहां राज्यपाल के आदेशों को अनसुना किया जाता हो, वहां पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर जानलेवा हमले कोई बड़ी बात नहीं लगती। क्या न्याय यात्रा संदेशखाली की आवाज बनेगा? तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का संदेशखाली ना जाना, बगैर जाने पीड़ित महिलाओं को भाजपा की कार्यकर्ता बताना, दलित, अतिपिछड़ी महिलाओं के दुख-दर्द व व्यथा को साझा ना करना आदि तुष्टीकरण की राजनीति अधिक दिखाई देती है।

दीपक गौतम, सोनीपत

### पाक का अंधकारमय भविष्य

दैनिक जागरण समाचार पत्र (सात मार्च) में प्रकाशित लेख ''पुराने ढर्रे पर पाकिस्तान'' यथार्थ पर पाकिस्तान की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर बहुत सार्थक चर्चा करता है। चुनावों के बाद पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ और न ही सेना का सरकार पर प्रभुत्व कम हुआ है। चुनावों से पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे नैरेटिव गढ़े गए कि पाकिस्तान के जनमानस में सेना के प्रति विद्रोह है। आज भी पाकिस्तान की सरकार अपनी संप्रभुता के लिए संघर्ष करती दिखाई दे रही है। पाकिस्तान अपनी घरेलू राजनीति के कुचक्र में ऐसा फंसा है कि उससे निकलने वाला कोई समाधान नहीं है।

विनोद जौहरी, दिल्ली

### विकसित जम्मू कश्मीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर के तहत 64 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया है। जम्मू कश्मीर की बदलती तस्वीर से गदगद हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2014 से दिल जीतने की कोशिश करता रहा हूं। कश्मीर की तस्वीर वाकई खूबसूरत हो गई है। प्रतिदिन बंदूकों की गोलियों की आवाज बीच जीने वाली अवाम सुकून की सांस ले रही है। कृषि विकास कार्यक्रम के तहत 53 प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। जम्मू कश्मीर के युवाओं को लेटर थमाते हुए नौकरी की आशा जगाई। 2019 के बाद कश्मीर में हर तरफ शांति है। लोग खुले में सांस ले रहे हैं। जम्मू कश्मीर की वादियों में अमन है, तो जीवनधारा भी बदलती दिख रही है। चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभियान शुरू किया गया है। जम्मू कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए योजना के तहत 14 सौ करोड़ रुपये की योजना 52 टूरिस्ट स्पाट का भी उद्घाटन किया जाएगा। जम्मू कश्मीर को पूर्ण विकसित की पटरी पर लाने का प्रयास केंद्र सरकार कर रही है। मंच से पीएम नरेन्द्र मोदी ने नए कश्मीर का जिक्र किया और कहा कि इसका दशकों से इंतजार था। मोदी हैं तो मुमकिन है की अवधारणा सफल हो रही है। अवाम भी यह महसूस कर रही है। जम्मू कश्मीर को अव्वल राज्य बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रबल भावना है। पिछले साल यहां दो करोड़ पर्यटन का आवागमन हुआ है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

## पोस्ट

गाजियाबाद में गैस, शुगर और बीपी की एक करोड़ रुपये से भी ज्यादा की नकली दवाएं पकड़ी गई हैं। कितने विश्वास के साथ लोग दवा खाते हैं कि ठीक हो जाएंगे। कैसे विश्वास किया जाए कि आप कौन सी दवाई खा रहे हैं?
आदित्य कुमार @Adityakripa

अगर भारत में फूड इंस्पेक्टर और ड्रग इंस्पेक्टर अपना काम ठीक से करें तो असंख्य लोगों की जान बचाई जा सकती है।
नीलेश मिसरा @neeleshmisra

अंकिता भंडारी को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। यह दुखद है कि इतना बड़ा मुद्दा होने के बाद भी कोर्ट-कचहरी और कानूनी प्रक्रियाओं में देरी को बर्दाश्त किया जा रहा है। उत्तराखंड में ऐसे अपराधों पर त्वरित न्याय न मिलना निराशाजनक है।
आशीष नौटियाल @ashu_nauty



मुझे वह दौर भी याद है जब कश्मीर में भाजपा के कार्यक्रम में बमुश्किल पांच लोग जुटते और वे लोग भी चेहरा छुपाकर रखते थे। उसकी तुलना में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में तस्वीर एकदम बदली हुई दिखी। भयादोहन की वह मानसिकता अब हवा हो गई है। एक पूर्व सैन्य जनरल के शब्दों में कहूं तो कश्मीरी हमेशा विजयी खेमे की ओर रहना पसंद करते हैं।
राहुल पंडिता @rahulpandita

## जनपथ

अमरीका में देखिए दो बूढ़ों की जंग,
वोट पड़ेंगे जब वहां खूब जमेगा रंग।
खूब जमेगा रंग जवानों कुछ तो सीखो,
भिड़ें बाइडन- ट्रंप हौसला उनका देखो।
यदि होती बेमेल जंग तो लगता फीका,
अब जोड़ी यह देख मौज लेगा अमरीका।
- ओमप्रकाश तिवारी


संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी- 210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर) - विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक- प्रदीप कुमार शुक्ला*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 234

********

हरियाणा सरकार

"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था।
यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय।
21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है।
जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान
पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# अंत्योदय से अंतिम के उदय को साकार करती हरियाणा सरकार


## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY)

## श्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री, हरियाणा

द्वारा

## शुभारंभ




हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक **निःशुल्क यात्रा** की सुविधा

एक लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लगभग 22 लाख 89 हजार परिवारों के अनुमानित **84 लाख सदस्य होंगे लाभान्वित**

**₹50 के मामूली अंशदान** पर लाभार्थियों के लिए बनाया जाएगा **HAPPY CARD**

**HAPPY CARD**
आवेदन हेतु
क्यू आर कोड स्कैन करें
अथवा
वेबसाइट पर जाएं

https://ebooking.hrtransport.gov.in/#/ppp/apply/happy



सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

